तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026




12 शहीदों को दी श्रद्धांजलि, उत्कृष्ट जवानों का किया...



12 वेतन विसंगति दूर करने, भत्ता, एरियर्स, अनुकंपा...



नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

# रामोत्सव की भव्य तैयारियां शुरू, जिलेभर में गूंजेगा सनातन का जयघोष

हारिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

विश्व हिन्दू परिषद श्री राम जन्म उत्सव समिति द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवरात्रि प्रारंभ होने के साथ ही प्रभु श्री राम जन्म नवमी एवं श्री हनुमान प्रकटोत्सव तक जिलेभर में भव्य एवं उल्लासपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के माध्यम से सनातन संस्कृति का व्यापक प्रसार किया जाएगा।

प्रेसवार्ता में श्री राम उत्सव समिति प्रमुख योगेंद्र कौशिक ने बताया गया कि 23 मार्च को मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी द्वारा विशाल चुनरी यात्रा सीताराम शिवालय से प्रारंभ होकर मां दंतेश्वरी मंदिर तक निकाली जाएगी, जहां विधिवत चुनरी अर्पित की जाएगी। इसके पश्चात 25 मार्च को विश्व हिन्दु परिषद एवं बजरंग दल द्वारा भव्य आमंत्रण बाइक रैली का आयोजन होगा,जो नगर के सभी वार्डों में भ्रमण कर रामोत्सव में सहभागिता का संदेश देगी।

कौशिक के अनुसार 27 मार्च को राम नवमी के अवसर पर नगर में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः वहीं संपन्न होगी। शोभायात्रा में प्रभु श्री राम के जीवन पर आधारित आकर्षक झांकियां,नर्तक-वादक दलों की प्रस्तुतियां तथा विभिन्न समाजों की सहभागिता इस आयोजन को विशेष बनाएगी। दूरस्थ ग्रामों एवं वनवासी क्षेत्रों से आने ▸▸|शेष पेज 12 पर

## चैत्र नवरात्रि से रामनवमी तक विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला, जनसहभागिता का आह्वान

### स्वागत, सजावट और समरसता का संदेश





विश्व हिंदू परिषद के प्रांत पदाधिकारी रवि ब्रम्हचारी ने बताया कि राम नवमी की शोभायात्रा के दौरान नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर सामाजिक संगठनों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। पूरे शहर में स्वच्छता अभियान के साथ आकर्षक सजावट की जाएगी और श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की जाएगी। 29 मार्च को समरसता भोज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विहिप, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं नगर के प्रमुख नागरिक स्वच्छता कर्मियों के साथ एक साथ भोजन कर सामाजिक समरसता का संदेश देंगे।

### 200 स्थलों पर रामोत्सव गांव-गांव तक पहुंचेगा संदेश

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता ने कहा जिलेभर में लगभग 200 स्थानों पर रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे,जिनमें प्रभु श्रीराम के जीवन के प्रेरक प्रसंगों का वाचन,सांस्कृतिक आयोजन एवं संगठनात्मक गतिविधियां शामिल रहेंगी। उन्होंने बताया नगर के साथ-साथ ग्रामों में भी बजरंग दल द्वारा बाइक आमंत्रण रैली निकाली जाएगी तथा बड़ी संख्या में भगवा ध्वज स्थापित किए जाएंगे। सभी सनातनी परिवारों से आह्वान किया गया है कि वे सपरिवार इन आयोजनों में सहभागिता निभाकर एकता,आस्था और सांस्कृतिक चेतना का परिचय दें तथा समाज में सकारात्मक वातावरण निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

# चैत्र नवरात्रि पर मां दंतेश्वरी मंदिर में उमड़ पड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- हिन्दू नववर्ष का उल्लास, आंगन में सजी रंगोली, भगवा पताकाओं से सजा शहर



चैत्र नवरात्रि और हिन्दू नववर्ष के अवसर पर शहर के दंतेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नवरात्रि के प्रथम दिवस मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ नौ दिवसीय शक्ति साधना का शुभारंभ हुआ। सुबह से ही भक्त कतारबद्ध होकर माता के दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे और पूरे मंदिर परिसर में भक्ति,श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। सनातनी हिन्दू परिवारों ने नववर्ष का स्वागत पूरे उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ किया। एक दिन पूर्व से ही घरों में साफ-सफाई कर पूजाघरों को आकर्षक रूप से सजाया गया। इष्टदेवों को नवीन वस्त्र अर्पित कर खीर-पूड़ी एवं मिष्ठानों का भोग लगाया गया। आंगन में आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं। वहीं मकानों की छतों और ऊंचे स्थानों पर भगवान श्रीराम के चित्रयुक्त भगवा पताकाएं लहराकर नववर्ष का अभिनंदन किया गया। नवरात्रि का यह पर्व शक्ति उपासना, आत्मशुद्धि और साधना का विशेष अवसर माना जाता है। प्रथम दिन शैलपुत्री की पूजा से जीवन में स्थिरता और शक्ति की ▸▸|शेष पेज 12 पर

### मातृशक्ति की स्कूटी रैली ने बढ़ाया उत्साह

चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर सनातनी हिन्दू मातृ शक्तियों ने शहर में स्कूटी रैली निकालकर धार्मिक उत्साह का अनूठा प्रदर्शन किया। जिसमें पीताम्बर साड़ियों में सजी महिलाएं सिर पर साफा बांधे जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष के साथ नगर भ्रमण करती नजर आईं। रैली के दौरान भक्ति, शक्ति और संस्कृति का अद्भुत समन्वय दिखाई दिया तथा समाज में धर्म और एकता का संदेश प्रसारित हुआ। इस दौरान महापौर संजय पांडे समेत सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष धर्मचंद शर्मा, सचिव रंजीत पांडे, एल ईश्वर राव, योगेश ठाकुर, झरना मोहंती, उमा गुप्ता,गीता शुक्ला, सतरूपा मिश्रा, सुधा मिश्रा, अर्चना सेंगर, रेखा गुप्ता, पूजा ठाकुर, नीलकंठ पांडे, एसके सिंह, कौशिक शुक्ला, आत्माराम जोशी, बनवाली पाणीग्राही, सुनील दास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दोषी अधिकारियों और हॉस्टल की अधीक्षिका के निलंबन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोंटा

- छात्रा के गर्भवती मामले में कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी आरएमएसए छात्रावास में अध्ययनरत 10 वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा के गर्भवती होने के मामले में कांग्रेस ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों और अधीक्षिका को तत्काल निलंबन करने की मांग की गई है । कांग्रेस ने इसे चिंताजनक बताते हुए अधीक्षिका द्वारा जांच को प्रभावित किए जाने की बात कही हैं । ज्ञात हो कि विगत 9 मार्च को नाबालिग छात्रा की तबीयत खराब होने के बाद कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद छात्रा के गर्भवती होने का मामला सामने आने के ▸▸|शेष पेज 12 पर

### आश्रम प्रबंधन की भूमिका पर सवाल

छात्रा की गर्भावस्था की जानकारी समय रहते क्यों नहीं मिल सकी। संस्था प्रमुख की लापरवाही दिख रही है । कांग्रेस ने आंदोलन की बात कही है वहीं जिला प्रशासन ने तीन सदस्य टीम बनाकर जांच कर रिपोर्ट तैयार कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार छात्रा पेट में तेज दर्द और अत्यधिक रक्तस्राव की शिकायत लेकर आई थी। प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और लगातार निगरानी में रखा गया। फिलहाल छात्रा का उपचार जिला अस्पताल में जारी है तथा पुलिस भी जांच कर रही है।




## खबर संक्षेप

### साढ़े 4 साल के मोइन ने रखा एक रोजा



**केशकाल।** रमज़ान के मुबारक महीना जहां बड़े बुजुर्ग रोजा रखकर नमाज सदका जकात अदा रहे हैं, वहीं नन्हे मुन्ने बच्चे भी पीछे नहीं वह भी इस मुबारक महीने में रोजा रख रहे हैं। मस्जिद रोड निवासी मोहम्मद हुसैन विरानी के पोते मोहम्मद जावेद विरानी के बेटे मोहम्मद मोइन विरानी ने इस रमज़ान महीने का एक रोजा 4 साल 4 महीने की उम्र में रखा। समाज के लोगों ने मोहम्मद मोइन विरानी को मुबारकबाद पेश की और अपनी दुआओं से नवाजा।

### गरीब का घर तोड़ने से ग्रामीणों में आक्रोश



**जगदलपुर।** तोकापाल तहसील के ग्राम कुरेंगा निवासी बुटलू बघेल के घर में प्रशासन द्वारा तोड़फोड़ की कार्रवाई के बाद से क्षेत्र में आक्रोश है। घटना के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर तहसील कार्यालय पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में कई अन्य लोगों द्वारा भी शासकीय भूमि पर कब्जा किया गया है, लेकिन कार्रवाई केवल एक ही व्यक्ति के खिलाफ की गई जो स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण रवैया है। उन्होंने मांग की है कि यदि अतिक्रमण हटाना है तो सभी पर समान रूप से कार्रवाई की जाए। इस दौरान ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और अन्य कब्जाधारियों पर भी समान कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द न्यायपूर्ण कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि गरीब व्यक्ति को निशाना बनाकर राजनीति द्वेषपूर्ण की गई इस कार्रवाई से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं इससे आम जनता का भरोसा कमजोर हो रहा है। कांग्रेसी संतोष कश्यप, मोहनीश नाग, सुनील कश्यप, गोविन्द कश्यप, पितर नाग एवं ग्राम पंचायत कुरेंगा के पूर्व सरपंच सुकमन कश्यप एवं अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आयुष्मान कार्ड से लक्ष्मी नारायण को मिला जीवनदान

**कोण्डागांव।** शहर के भेलवापदर पारा निवासी लक्ष्मी नारायण शुक्ला अगस्त 2025 से किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। 14 जनवरी से उनका नियमित डायलिसिस चल रहा है। डॉक्टरों ने सप्ताह में दो बार डायलिसिस कराने की सलाह दी है। इलाज के दौरान आयुष्मान कार्ड में उपलब्ध 50 हजार रुपये की राशि समाप्त हो जाने के कारण वे आगे उपचार कराने में असमर्थ हो गए थे, जिससे परिवार पर आर्थिक संकट गहराने लगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नया आयुष्मान कार्ड जारी किया। नए आयुष्मान कार्ड के तहत अब श्री शुक्ला को 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी, जिससे उनके उपचार में आ रही आर्थिक बाधा दूर हो गई है। इस सहायता से राहत मिलने पर लक्ष्मी नारायण शुक्ला के परिजनों ने शासन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### निर्माण कार्यों को समयसीमा और गुणवत्ता के साथ करें पूरा

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने माकड़ी विकासखंड के विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर एजेंसियों को समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम छिनारी में निर्माणाधीन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन तथा ग्राम क्षमतापुर में गोदाम निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। ग्राम बड़ेसोहंगा में शासकीय प्राथमिक शाला भवन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने छत की मरम्मत के लिए आवश्यक व्यवस्था करने कहा। ग्राम हिरलाभाट में जल जीवन मिशन के कार्यों का अवलोकन कर ग्रामीणों से संवाद किया गया। कलेक्टर ने सभी घरों में शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# शहीदों को दी श्रद्धांजलि, उत्कृष्ट जवानों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

188वीं वाहिनी द्वारा सीआरपीएफ दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। 19 मार्च का दिन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1950 में तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने बल को ध्वज और निशान प्रदान किया था।

कार्यक्रम की शुरुआत वाहिनी मुख्यालय चिखलपुट्टी एनएच–30 स्थित शहीद स्मारक पर कमांडेंट भवेश चौधरी द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद क्वार्टर गार्ड पर नया ध्वज फहराया गया तथा कमांडेंट चौधरी ने सेरिमोनियल गार्ड की सलामी ली। सैनिक सम्मेलन में कमांडेंट ने सीआरपीएफ के गौरवशाली इतिहास और देश की एकता एवं सुरक्षा में बल के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला।

## 188वीं वाहिनी ने धूमधाम से मनाया सीआरपीएफ दिवस

### खेलकूद और सामूहिक कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम के दौरान वॉलीबॉल मैच एवं सायंकाल में 'बड़ा खाना' का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों के साथ उनके परिवारों ने भी भाग लिया। इस दौरान द्वितीय कमान अधिकारी नीतिन्द्र नाथ, सहायक कमांडेंट ओमप्रकाश विश्नोई सहित अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।



### नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण में अहम भूमिका

वाहिनी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखते हुए राज्य को नक्सल मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वाहिनी को अब तक परिचालनिक ड्यूटी में कोई नुकसान नहीं हुआ है। इस अवसर पर पिछले एक वर्ष में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कंपनियों एवं जवानों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## मांग : छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का आंदोलन तेज

# वेतन विसंगति दूर करने, भत्ता, एरियर्स, अनुकंपा नियुक्ति सरलीकरण की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया

छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया गया है। 18 मार्च को जिले एवं विकासखंड स्तर पर कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए शासन का ध्यान आकर्षित किया।

फेडरेशन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन प्रेषित कर कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन में पूर्व में भेजे गए पत्रों का उल्लेख करते हुए कार्रवाई में हो रही देरी पर असंतोष जताया गया है। ज्ञापन में जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स राशि के भुगतान एवं उसे जीपीएफ खाते में समायोजित करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है।

फेडरेशन ने कर्मचारियों के वेतनमान से जुड़ी विसंगतियों को दूर करने तथा 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष के लंबित वेतनमान



प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की मांग की है। ज्ञापन में अनुकंपा नियुक्ति के नियमों को सरल बनाने, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने तथा नियमितीकरण प्रक्रिया को तेज करने की मांग की गई है। फेडरेशन ने कर्मचारियों के हित में सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने तथा पेंशन संबंधी लाभों को बेहतर बनाने का प्रस्ताव रखा है। फेडरेशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज एवं उग्र किया जाएगा।

### संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग

*संविदा, दैनिक वेतनभोगी एवं अनियमित कर्मचारियों को नियमित करते हुए उन्हें नियमित पदस्थापना देने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की गई है।*

### पदाधिकारियों की रही मौजूदगी

*ज्ञापन सौंपने के दौरान फेडरेशन के कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से कमल वर्मा प्रांतीय संयोजक, केदार जैन प्रांतीय उप संयोजक के निर्देश पर शिवराज सिंह ठाकुर जिला संयोजक, कोंडागांव निर्मल शार्दूल, जमील खान, यशवन्त देवांगन, सुरेंद्र नाग, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला कोंडागांव के सभी पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई और शासन से शीघ्र सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा की।*

# विधायक ने बोरगांव में सीमेंट शेड का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- समाज की एकता ही विकास की सबसे बड़ी ताकत : टेकाम
- चैत्र नवरात्र के एक दिन पहले दिन रात्रि कीर्तन का आयोजन

ब्लॉक के ग्राम बोरगांव में बंग समुदाय के हरिबोल सेवा समिति द्वारा चैत्र नवरात्र के पहले बुधवार को रात्रि कीर्तन का आयोजन किया गया था। जिसमें बोरगांव, सिंगारपुरी कैंम्प, मध्यम बोरगांव, पश्चिम बोरगांव, सिंगार पुरी, जुगानी, वन बोरगांव से बंग समुदाय सहित अन्य ग्रामीण मौजूद हुए। रात्रि कीर्तन के शुरु होने से पहले केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम बुधवार शाम करीब 5 बजे बोरगांव पहुंचे। यहां उन्होंने बंगाली समाज द्वारा निर्मित हरि बोल मंदिर के सामने बनाए गए सीमेंट शेड का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर बंगाली समाज की महिलाओं द्वारा विधायक का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। लोकार्पण के अवसर पर विधायक नीलकंठ टेकाम ने बंगाली समाज के सभी लोगों को बधाई देते हुए कहा कि समाज की एकता ही उसके विकास की सबसे बड़ी ताकत होती है। वहीं, बंग समुदाय के लोगों ने भी विधायक का आभार व्यक्त करते हुए इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया। बोरगांव में रहने वाले बंगाली समाज के लोगों द्वारा इस पवित्र मंदिर का निर्माण किया गया है। यह कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ था, जिसे पिछले एक वर्ष के भीतर पूरा किया गया।

### भाजपा धर्म व सनातन मार्ग पर चलने वालों के साथ

विधायक ने विश्वास दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा धर्म और सनातन के मार्ग पर चलने वाले लोगों के साथ खड़ी है। उनकी भावनाओं को समझते हुए उनकी आवश्यकताओं और मांगों को पूरा करने का कार्य लगातार किया जा रहा है, ताकि देश में पुनः राम राज्य की स्थापना हो सके।



# कलेक्टर एवं एसपी ने स्वास्थ्य केंद्र व निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के साथ बुधवार को फरसगांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय महाविद्यालय में निर्माणाधीन ग्रंथालय भवन का जायजा लेते हुए कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर वहां भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बच्चों एवं उनकी माताओं को पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्यालय का भी अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन पासंगी पुल का भी जायजा लिया और संबंधित निर्माण एजेंसी को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, तहसीलदार जयकुमार नाग, थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पोर्टा केबिन विद्यालय देवगांव के छात्रों ने नवोदय परीक्षा में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले के पोर्टा केबिन आवासीय विद्यालय देवगांव के विद्यार्थियों ने इस वर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। उपलब्धि के पीछे छात्रावास अधीक्षक रंजीता नाग और प्रधानाध्यापक सविता यादव का समर्पित मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर मेहनत को माना जा रहा है। विद्यालय में शालेय समय के अतिरिक्त बच्चों को नवोदय की विशेष कोचिंग भी उपलब्ध कराई गई। अनुभवी ट्यूटरों के माध्यम से पढ़ाई कराई गई, साथ ही अधीक्षक और प्रधानाध्यापक द्वारा एक विशेष अध्ययन योजना तैयार की गई थी। इस योजना के तहत नियमित कक्षाओं के साथ सुबह-शाम अतिरिक्त कोचिंग, साप्ताहिक टेस्ट और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की व्यवस्था की गई। छात्रावास अधीक्षक स्वयं बच्चों की प्रगति पर लगातार नजर रखते थे और समय-समय पर उनका उत्साहवर्धन भी करते थे। इस उपलब्धि पर अभिभावकों ने खुशी जाहिर करते हुए अधीक्षक, प्रधानाध्यापक और सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।




### लगन व मेहनत से मिली सफलता

अधीक्षक रंजीता नाग ने सफलता का श्रेय बच्चों की मेहनत और लगन को देते हुए कहा कि यदि इसी तरह प्रयास जारी रहा, तो आने वाले वर्षों में और भी बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# दिव्यांग परिवार को समाज ने दिया नया आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

अंजुमन इस्लामिया कमेटी नारायणपुर एवं बस्तर संभाग मुस्लिम समाज के सहयोग से आर्थिक रूप से कमजोर और दिव्यांग आबिद तथा उनकी बेवा माता फातिमा बेगम को नया पक्का आशियाना प्रदान किया गया है।

जानकारी के अनुसार, आबिद लंबे समय से कच्चे और जर्जर मकान में जीवनयापन कर रहे थे। उन्होंने कई बार कलेक्टर जनदर्शन और जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई, लेकिन भूमि के दस्तावेजों के अभाव में उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका। बताया गया कि तत्कालीन कलेक्टर विपिन मांझी ने स्वयं उनके मकान का निरीक्षण किया था और सहायता का आश्वासन भी दिया था, लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद मामला आगे नहीं बढ़ सका और परिवार की समस्या जस की तस बनी रही। इस बीच समाज अंजुमन इस्लामिया कमेटी नारायणपुर की अगुवाई में मुस्लिम समाज के लोगों ने पहल करते हुए आपसी सहयोग से धनराशि एकत्रित की और आबिद खान के लिए नया घर बनवाया। 18 मार्च को बाद नमाज असर जामा मस्जिद नारायणपुर के इमाम द्वारा फातेहा के साथ मकान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बस्तर संभाग मुस्लिम समाज के पदाधिकारी तथा जगदलपुर, कोंडागांव, केशकाल और नारायणपुर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आबिद को नए घर की चाबी सौंपी गई। वहीं नए मकान का उद्घाटन सनातन धर्म के जिला अध्यक्ष नारायणपुर साहू ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के लोगों की उपस्थिति ने सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में बस्तर संभाग मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी वसीम अहमद, केशकाल के सदर हाजी सलीम मेमन, कोंडागांव के पूर्व सदर हाजी यासीन, उपाध्यक्ष हाजी असलम मंसूरी तथा पूर्व पार्षद श्रीमती प्रमिला प्रधान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंजुमन इस्लामिया कमेटी, नारायणपुर के सदर मोहम्मद इमरान खान ने बताया कि मुस्लिम समाज के लोगों के सहयोग से मकान का निर्माण कार्य पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि समाज की सेवा के लिए उनकी पूरी टीम समर्पित भाव से कार्य कर रही है और ऐसे प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान जिले में अमन-चैन, शांति और भाईचारे की मजबूती के लिए दुआ की गई। अंत में अंजुमन इस्लामिया कमेटी, नारायणपुर और मुस्लिम समाज के सदस्यों ने ऐसे सामाजिक कार्यों को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया हैं।



## बड़ेसोहंगा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

# शिविर में 138 आवेदन मिले, 72 का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- हितग्राहियों को सामग्री का वितरण

जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम बड़ेसोहंगा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

शिविर में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना सहित जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान कुल 138 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 72 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। कलेक्टर ने शेष आवेदनों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में मत्स्य विभाग द्वारा 2 मछली जाल, कृषि विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को उड़द बीज तथा श्रम विभाग द्वारा 6 श्रम कार्ड वितरित किए गए। शासकीय योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए शासन–प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, जनपद पंचायत माकड़ी के सीईओ गजेन्द्र धुरडे, तहसीलदार अंकुर रात्रे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## पेज 11 के शेष

### रामोत्सव की भव्य ...

वाले श्रद्धालुओं के लिए यातायात, भोजन एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रेसवार्ता में छग सर्व आदिवासी समाज के प्रांत अध्यक्ष राजाराम तोडेंम,विहीप के नवीन देवांगन उपस्थित रहे।

### चैत्र नवरात्रि पर...

कामना की जाती है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी भक्तों ने माथे पर तिलक और त्रिपुंड धारण कर पर्व का आनंद लिया। मंदिरों में भजन-कीर्तन, दुर्गा सप्तशती पाठ और विशेष अनुष्ठानों का आयोजन प्रारंभ हो गया है,जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

**गुड़ी पड़वा, चेट्रीचंड व उगादी पर्व भी मना-** इसी दिन विभिन्न समुदायों द्वारा नववर्ष का उल्लास मनाया गया। सिंधी समाज ने चेट्रीचंड, महाराष्ट्रियन समाज ने गुड़ी पड़वा और दक्षिण भारतीय समाज ने उगादी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाकर सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। शहर के अन्य देवालयों में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन-पूजन के लिए उमड़ती रही जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और नवचेतना का संचार हुआ।

### दोषी अधिकारियों और...

बाद हड़कंप मच गया । प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने छात्रा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल सुकमा रेफर कर दिया था । जिसके बाद छात्रा की हालत में सुधार हुआ। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष उस्मान अली के नेतृत्व में नगर अध्यक्ष मौसम जया पार्षदों के साथ कोंटा एसडीएम कार्यालय पहुंच ज्ञापन सौंपा है । वहीं जानकारी के अनुसार छात्रा से संबंध स्थापित किए युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है जो आरएमएसए आवासीय विद्यालय का छात्र बताया जा रहा है।

**एफआईआर दर्ज आरोपी छात्र जेल में-** पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी अनुसार कोंटा के ही दूसरे छात्रावास में अध्ययनरत इंजरम के छात्र के ऊपर बड़ी बहन ने सुकमा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कोंटा थाना क्षेत्र अंतर्गत विवेचना में लेकर छात्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।

**खबर संक्षेप**

## ज्योति कलश की स्थापना



**भानपुरी।** शीतला माता मंदिर भानपुरी व नरसिंह मंदिर मुरकुची सहित मां दतेश्वरी मंदिर केशरपाल में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर ज्योति कलश की स्थापना की गई। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने मनोकामना ज्योत जलाया है।

## सामान्य सभा की बैठक आज

**बीजापुर।** जिला पंचायत बीजापुर में सामान्य सभा की बैठक 20 मार्च को प्रातः 11:30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ईत्यादि विभागों के कार्यों की समीक्षा की जावेगी। उक्त बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिला पंचायत सदस्यों एवं मानद सदस्य सर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष को इस बैठक में उपस्थित होने को आग्रह किया गया है।

## परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग क्लास शुरू करने की मांग



**बचेली।** एनएमडीसी एल-1 एवं एल-2 भर्ती परीक्षा की तैयारी को लेकर क्षेत्र के युवाओं में उत्साह के साथ-साथ सुविधाओं की मांग भी तेज हो गई है। इसी कड़ी में आज बचेली नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल के नेतृत्व में युवा साथियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बचेली में कोचिंग क्लास प्रारंभ करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र के अनेक प्रतिभाशाली युवा एनएमडीसी की आगामी एल-1 एवं एल-2 परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर उचित मार्गदर्शन और कोचिंग सुविधाओं के अभाव में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में यदि बचेली में ही कोचिंग क्लास की व्यवस्था की जाती है, तो इससे स्थानीय युवाओं को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी सफलता की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि शीघ्र ही कोचिंग क्लास प्रारंभ कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अर्णब चक्रवर्ती सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस पहल को युवाओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# हर तेंदूपत्ता संग्राहक का होगा बैंक में खाता, प्रशासन चला रहा है अभियान

## पारदर्शी भुगतान की दिशा में कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में तेंदूपत्ता संग्राहकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। जिन संग्राहकों के पास अब तक बैंक खाता नहीं है, उनके लिए विशेष अभियान चलाकर खाते खुलवाए जा रहे हैं। यह कार्य जिला प्रशासन और वन विभाग के संयुक्त प्रयासों से तेजी से आगे बढ़ रहा है।

■ ग्रामीण क्षेत्रों में इस पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा



इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आगामी तेंदूपत्ता सीजन में सभी संग्राहकों को उनका पारिश्रमिक सीधे बैंक खाते के माध्यम से पारदर्शी और सुरक्षित तरीके से मिल सके। प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है ताकि कोई भी हितग्राही इस व्यवस्था से वंचित न रह जाए।

अभियान के तहत गांव-गांव पहुंचकर पात्र संग्राहकों की पहचान की जा रही है और बैंकिंग प्रक्रिया को सरल बनाते हुए उनके खाते खुलवाए जा रहे हैं। इससे न केवल भुगतान प्रणाली में पारदर्शिता आएगी, बल्कि बिचौलियों की भूमिका भी समाप्त होगी और संग्राहकों को उनका पूरा हक सीधे प्राप्त होगा।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि आज के समय में बैंक खाता केवल भुगतान प्राप्त करने का माध्यम ही नहीं, बल्कि केंद्र और राज्य शासन की अधिकांश जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी अनिवार्य है। ऐसे में यह अभियान संग्राहकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। संग्राहकों का कहना है कि बैंक खाता खुलने से उन्हें भविष्य में कई योजनाओं का लाभ मिलेगा और उनकी आय सुरक्षित रहेगी।

जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक पात्र तेंदूपत्ता संग्राहक को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा जाए, जिससे वे आत्मनिर्भर बनें और उन्हें समय पर, पूर्ण एवं पारदर्शी भुगतान सुनिश्चित हो सके।

## पहली बार कलेक्टर पहुंचे ताड़मेटला

# जहां कभी गूंजती थी गोलियों की आवाज, अब विकास की दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

वर्षों तक भय और उपेक्षा का प्रतीक रहे ताड़मेटला गांव में आज एक नई उम्मीद की किरण दिखाई दी। आजादी के बाद पहली बार किसी कलेक्टर का इस सुदूर गांव तक पहुंचना न केवल प्रशासनिक पहल है, बल्कि विश्वास, संवेदना और बदलाव का सशक्त संदेश भी है।

कलेक्टर अमित कुमार और एसपी किरण चव्हाण ने घने जंगलों और कठिन पगडंडियों को पार कर ताड़मेटला पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उनके साथ डीआईजी सीआरपीएफ आनंद सिंह पुरोहित और जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर भी उपस्थित रहे। प्रशासनिक टीम की यह पहल ग्रामीणों के लिए भावनात्मक और ऐतिहासिक पल बन गई। गांव में चौपाल लगाकर अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए। प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी भवन और पंचायत भवन के निर्माण के लिए कुल 45 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही 15 लाख रुपये की अग्रिम राशि भी पंचायत के खाते में हस्तांतरित कर दी गई, जिससे विकास कार्यों की शुरुआत तुरंत हो सके। ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने के लिए पेयजल व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि सप्ताह भर के भीतर हर घर तक पानी पहुंचाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, क्योंकि पाइपलाइन बिछाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, महतारी वंदन योजना, तेंदूपत्ता खरीदी, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं पर भी सकारात्मक और विस्तृत चर्चा हुई। ग्रामीणों ने पहली बार महसूस किया कि प्रशासन उनकी दहलीज तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुन रहा है। उल्लेखनीय है कि ताड़मेटला वही गांव है, जो वर्ष 2010 की उस दर्दनाक घटना का साक्षी रहा, जब नक्सलियों ने 76 जवानों को शहीद कर दिया था। आज उसी धरती पर प्रशासन का यह कदम नक्सल उन्मूलन की दिशा में एक मजबूत संदेश और विश्वास बहाली की बड़ी पहल माना जा रहा है। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सुशासन और विकास की जो परिकल्पना की गई है, ताड़मेटला में उसकी ठोस शुरुआत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। कलेक्टर अमित कुमार ने भावुक शब्दों में ग्रामीणों से कहा, अब आपके गांव का विकास आपके अपने हाथों में है। इन प्रशासनिक भवनों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा कीजिए। प्रशासन हर कदम पर आपके साथ खड़ा है।

■ जंगल-पगडंडियों को पार कर कलेक्टर-एसपी पहुंचे गांव, भरोसे और बदलाव की मजबूत शुरुआत



# नशे की हालत में ट्रक और हाईवा चलाते मिले, चालकों पर 23 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

थाना भांसी द्वारा लगातार ड्रिंक एंड ड्राइव एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 2 ट्रकों को न्यायालय में पेश कर 12000 व 11000 कुल 23000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

यातायात नियमों का पालन करवाने एवं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के संबंध में दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय के द्वारा जिले के सभी थाना को यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने आदेश दिया गया है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी

■ ड्रिंक एंड ड्राइव एवं यातायात नियमों का उल्लंघन पर मिली सजा

किरन्दुल कमलजीत पाटले के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में भांसी पुलिस द्वारा लगातार वाहनों की चेंकिग की जा रही थी। उक्त चेकिंग के दौरान दो ट्रकों का ड्रिंक एन्ड ड्राइव के तहत प्रकरण बनाकर न्यायालय में पेश किया गया व न्यायालय ने वाहन चालकों को कुल 23000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 18 एच 1595 के वाहन चालक विक्रम कर्मा के द्वारा 20 फरवरी को शराब का सेवन कर नशे में बिना तिरपाल ढंके खनिज अयस्क परिवहन करते पाये जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही वास्ते प्रकरण तैयार कर न्यायालय भेजा गया था। जिस पर न्यायालय 14 मार्च को अर्थदंड के रूप में 12000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। वहीं 13 मार्च को ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजी 4007 के वाहन चालक खोम कुमार साहु के द्वारा शराब का सेवन कर नशे में खतरनाक तरीके से उपरोक्त वाहन को चलाते पाये जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत कार्यवाही करते हुए वाहन को जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही वास्ते प्रकरण तैयार कर न्यायालय भेजा गया था। जिस पर न्यायालय द्वारा 11000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। दंतेवाड़ा पुलिस आम जनता से अपील करती है कि ड्रिंक एंड ड्राइव न करे एवं यातायात के सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करे।



# शहीद जवानों को याद करते सम्मान में दी सलामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

241 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ने 87वीं सीआरपीएफ डे वाहिनी मुख्यालय सेड़वा में 19 मार्च को हर्षोउल्लाष के साथ मनाया।

इस अवसर पर हरविन्दर सिंह कमांडेंट 241 बस्तरिया बटालियन ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा बल के शहीद जवानों को याद करते हुए शहीदों को सम्मान में सलामी दिया। उन्होंने जवानों को सम्बोधित करते हुए बल के इतिहास के बारे में जवानों को अवगत कराया। सायंकाल में इस मुख्यालय परिसर में खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें बल के कार्मिकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। स्थापना दिवस समारोह में कमांडेंट के साथ द्वितीय कमान अधिकारी संजय कुमार, उप कमांडेंट निरजंन कुमार निराला और अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# भक्तों ने आस्था और श्रद्धा के साथ रात भर किया जगराता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल







लौहनगरी किरंदुल में ठाकुर बाल ब्रह्मचारी सत्यानंद परमहंस देवजी का 109 जन्म महोत्सव धूमधाम से नर नारायण सेवा संघ ने राधा कृष्ण मंदिर बंगाली कैंप किरंदुल में मनाया।

नर नारायण सेवा संघ ने बंगाली कैंप में भव्य राधा कृष्ण मंदिर बनाकर उसमें ठाकुर बाल-ब्रह्मचारी सत्यानंद परमहंस देवजी की प्रतिमा स्थापित किया गया है। मंदिर में ठाकुरजी के 108 तम जन्म महोत्सव बुधवार को शाम महिलाओं ने कलश स्थापना के लिए झांकी के रूप में तालाब जाकर पानी भरा उसके पश्चात संध्या 6 बजे से श्रद्धालुओं ने भजन आरती प्रारंभ कर पूजा अर्चना किया। रात 9 बजे से भक्तों के लिए भंडारा प्रारंभ किया गया जो मध्य रात्रि तक चला। पूजा पाठ संध्या से चलती रही और मध्य रात्रि 12 बजे 108 दिया प्रज्वलित कर ठाकुर सत्यानंद के जयकारे के साथ माखन का भोग लगवाया। मंदिर प्रांगण को भगवा और सफेद रंग के बैलून से सजाया गया था, जो एक आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। भक्तों ने आस्था और श्रद्धा के साथ रात भर जगराता किया जो दूसरे दिन शनिवार को सुबह 6 बजे समाप्त हुआ। गुरुवार सुबह 7 बजे अनुयायियों एवं भक्तों ने भजन कीर्तन करते हुए ठाकुरजी को नगर भ्रमण कराया एवं श्रद्धालुओं के घर जाकर चरणों का धूल दिया उनके श्रद्धालु अपने द्वार पर पानी डाल के शंख घंटी बजाया। भ्रमण के बाद मंदिर लाकर फिर स्नान कराया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा के पश्चात महा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। जो भंडारा शाम 6 बजे तक चलता रहा। भक्तों की संख्या देखने के पश्चात ऐसा प्रतीत हो रहा था कि साक्षात ठाकुरजी इस मंदिर में उपस्थित थे, उनकी प्रतिमा से तेजस्वी प्रकाश श्रद्धालुओं को महसूस हो रही थी। श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी की अध्यक्ष तुलसी राय एवं सचिव विप्लव मल्लिक व ठाकुरजी के जन्म उत्सव संचालन कमेटी में अध्यक्ष संजीव दास, सचिव प्रकाश मंडल, कोषाध्यक्ष निताई पाल राकेश गोलदार, परितोष सेन, अजय मंडल, निमाई पाल, रामकृष्ण मंडल, अनूप कर, बाबू मंडल, मानिक साहा, सुजीत मिस्त्री, मंदिर पुजारी शांति हालदार मालती कीर्तनिया, संध्या साहा, आशा मिस्त्री, सुषमा राय एवं सदस्यों का विशेष रुप से सहयोग था।

## विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण



**बीजापुर।** महिला बाल विकास विभाग नया रायपुर एवं कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर जिला बीजापुर में उपजेल निरीक्षण हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा 18 मार्च को उपजेल जिला बीजापुर का निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर बंदियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। जिसमें निरीक्षण के दौरान उपजेल बीजापुर के बैरक में कुल 194 निरूद्ध बंदी पाये गये एवं सभी बंदियों से पूछताछ की गई। जेल निरीक्षण के दौरान ए.के.शुक्ला उप जेल अधीक्षक एवं विशेषज्ञ समिति के नीलाबाई यालम सदस्य जेजेबी, मिली सत्यन, सदस्य सीडब्ल्यूसी, साधना कश्यप सदस्य सीडब्ल्यूसी, देविन्द्रा राना सदस्य, नवीन मिश्रा संरक्षण अधिकारी, कु आनंदमई मल्लिक विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, देवाअम्मा मेकल महिला प्रधान आरक्षक एवं संदीप चिडेम सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुल से 15 फीट नीचे गिरा टिप्पर, चालक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा विकासखंड के ग्राम पंचायत कड़मा में कई गिट्टी खदान संचालित है। गुरुवार को टिप्पर वाहन क्रमांक सीजी 08 बीबी 3600 में गिट्टी भरकर वाहन चालक राजनांदगाव निवासी 60 वर्षीय धनसिंह गिट्टी भरकर तेज गति से नेगानार की ओर आ रहा था, जिसके लापरवाही से अनियंत्रित टिप्पर मंगनार मोड़ के पास 15 फिट पुल के नीचे जा गिरा। हादसे में वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, उसका दांया पैर टूट गया हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने सजगता दिखाते हुए अपने निजी वाहन से उसे निकट के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेगानार में भर्ती करवाया, जहां उसकी मरहम पट्टी आदि की गई। परन्तु डॉक्टरों की अनुपस्थिति से यहां उसकी अधिक चिकित्सा नहीं हो सकी जिसके चलते एम्बुलेंस कॉल कर बेहतर चिकित्सा के लिए उसे मेडिकल कॉलेज डिमरापाल भेजने की तैयारी की जा रही थी। इस मामले में कामानार चौकी पुलिस कार्रवाई कर रही हैं।

# गरीब और जरूरतमंद ग्रामीणों को मिला उपयोगी सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ सेक्टर के आईजी शालिन के मार्गदर्शन, बीएस नेगी डीआईजी (ऑप्स) बीजापुर के पर्यवेक्षण, विजेन्द्र सिंह कमांडेंट 222 बटालियन के नेतृत्व तथा मूल चंद द्वितीय कमान अधिकारी अनंथा कृष्णा जे एसएमओ व जवानों की उपस्थिति में 18 मार्च को सी/222 बटालियन गंगालूर में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 13 आंतरिक गांवों से 600 से अधिक ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली जो बल और स्थानीय जनता के बीच गहरे विश्वास एवं मजबूत संबंधों को दशार्ती है।



जहां सबसे गरीब एवं जरूरतमंद वर्गों को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके इसका ध्यान रखा गया। इस दौरान आवश्यक एवं उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया। इनमे जल टैंक, सोलर लाइट, लालटेन, बर्तन, पुरुषों एवं महिलाओं के लिए वस्त्र, चप्पल, कंबल तथा आजीविका को बढ़ावा देने कृषि उपकरण शामिल थे। इसके अतिरिक्त, खेलों को बढ़ावा देने एवं युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से फुटबॉल, वॉलीबॉल, बॉलीबॉल नेट एवं क्रिकेट किट खेल सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के साथ मानवीय सहायता को विस्तार देते हुए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। डॉ. अनंथ, एम (एमओ)-222 बटा ने ग्रामीणों के लिए ओपीडी संचालित की गई। जिसमें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इससे दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों की तात्कालिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा किया गया, जिन्हें सामान्यतः चिकित्सा सुविधाएं आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती है।

## जिले में कृषि महाविद्यालय खोलने की मांग

**दंतेवाड़ा।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री रामू नेताम ने जिले में कृषि महाविद्यालय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने दंतेवाड़ा जिले में कृषि महाविद्यालय की स्थापना की मांग करते हुए कहा है कि दंतेवाड़ा एक आदिवासी बहुल के साथ-साथ जैविक जिला भी है। रामू नेताम ने कहा कि कृषि क्षेत्र रुचि रखने वाले जिले के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जिले से बाहर जाना पड़ता है।




**न्यायालय तहसीलदार नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग )**

रा.मा.क्र./202603170500002/अ-21 (4)/2025-26

**:: उद्घोषणा-पत्र ::**

एतद् द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक परदेशी राम पिता मिलन राम यादव, जाति रावत, निवासी ग्राम सोनपुर, तहसील कोहकामेटा व जिला नारायणपुर ने कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है कि उनके नाम पर ग्राम करलापाल, पटवारी हल्का नंबर 02 खड़कागांव में भूमि खसरा क्रमांक 409 रकबा 0.200 हेक्टेयर, लगान 0.35 रुपये की कृषि भूमि अधिकार पर अंकित है, उक्त भूमि उन्हें शासन से आबंटित है, रुपयों की आवश्यकता होने के कारण उक्त भूमि को प्रस्तावित क्रेतागण सुश्री गीता देवांगन पिता स्व. सुकलाल, जाति कोष्टा, निवासी आश्रम वार्ड 11 नारायणपुर, एवं श्री मुन्नालाल नेताम पिता चमरा राम नेताम, जाति गोंड़, निवासी अमलीडीह रायपुर को 0.040 हेक्टेयर, 0.040 हेक्टेयर, कुल रकबा 0.080 हेक्टेयर भूमि विक्रय करना चाहता है, अतः विक्रय अनुमति प्रदाय किया जावे। उक्त संबंध में प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई दिनांक 27.03.2026 को इस न्यायालय में नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आगामी सुनवाई तिथि को या इसके पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

मुहर

**तहसीलदार**
**नारायणपुर**

# गांजा तस्करी मामले का मुख्य सरगना राजस्थान से गिरफ्तार

## ओडिशा से गांजा लाने नगद व फोन-पे से किया था भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ओडिशा से गांजा खरीदने वाले मुख्य आरोपी को नगरनार पुलिस ने आरोपी को राजस्थान के कोटा से गिरफ्तार किया है। आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी इसके द्वारा गांजा खरीदने के लिए राजस्थान से नगद व फोनपे के माध्यम से भुगतान किया गया था। इसी मामले में इससे पूर्व उसके साथी को ओडिशा बार्डर से ट्रक व लाखों के गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था।

गौरतलब है कि इससे पूर्व 27 अक्टूबर 2025 को आरोपी मुराद साह पिता उस्मान साह 30 वर्ष निवासी ग्राम लखनवास थाना मलावर तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश के द्वारा आयशर कंपनी के ट्रक से अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा प्रांत से जगदलपुर की ओर परिवहन करते पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के कब्जे से 73.080 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 7 लाख 30 हजार 8 सौ रूपए



बरामद कर जब्त कर जेल भेजा गया था। गिरफ्तार आरोपी ने अपने बयान में गांजा को मोहम्मद नावेद उर्फ नाजिम के द्वारा नगद रकम एवं फोन पे के माध्यम से रूपया देकर गांजा लाने ओडिशा भेजना बताया गया था जिसके बाद से ही उसकी पतासाजी की जा रही थी।

फरार आरोपी मोहम्मद नावेद उर्फ नाजिम की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। आरोपी की पूरी जानकारी मिलने के बाद टीम को जिला कोटा राजस्थान रवाना किया गया था। टीम द्वारा आरोपी को राजस्थान से पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पुछताछ में आरोपी मुराद शाह पिता उस्मान शाह को गांजा लाने राजस्थान से ओडिशा रकम देकर भेजना कबूल करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एएसआई दिनेश ठाकुर व आरक्षक वेदप्रकाश देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने पुस्तक दान अभियान रथ को दिखाई हरी झंडी



**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा के कुशल मार्गदर्शन में गुरुवार से पूरे जिले में पुस्तक दान अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसका मुख्य लक्ष्य घरों की अलमारियों में रखी पुरानी और उपयोगी किताबों को उन जरूरतमंद हाथों तक पहुँचाना है जो संसाधनों के अभाव में ज्ञान की मुख्यधारा से दूर रह जाते हैं। इस पुनीत कार्य के लिए जिला प्रशासन ने समस्त आम जनता, जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों और विद्यार्थियों से एक भावुक अपील की है कि वे अपनी पुरानी ज्ञानवर्धक पुस्तकें, महापुरुषों की प्रेरणादायक जीवनियाँ और सामान्य ज्ञान की किताबें दान कर किसी विद्यार्थी के जीवन की दिशा बदलने में सहभागी बनें।
इस महाभियान को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन द्वारा एक विशेष पुस्तक दान रथ तैयार किया गया है, जिसे कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### विशेष जांच व उपचार शिविर आज

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आगामी 20 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में विकासखंड स्तरीय विशाल दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष आयोजन में महारानी अस्पताल जगदलपुर के वरिष्ठ और विशेषज्ञ चिकित्सकों की पूरी टीम अपनी सेवाएँ देगी। शिविर के दौरान मेडिसिन, शिशु रोग, नाक-कान-गला, अस्थि रोग और नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगों का सघन स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। जांच के पश्चात मरीजों को न केवल उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा, बल्कि आवश्यकतानुसार मौके पर ही उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### कमिश्नर ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को करें सुदृढ़ : डोमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीण एवं

- बस्तर हेरिटेज मैराथन के लिए अधिकाधिक पंजीयन करवाने पर बल

नगरीय क्षेत्रों में जल प्रदाय योजनाओं के समुचित संधारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में सभी क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए, इसके लिए संबंधित विभाग सतर्कता के साथ कार्य करें। कमिश्नर ने सुधार योग्य नल-जल योजनाओं तथा सोलर ड्यूल पंपों की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही अभियान चलाकर हैंडपंपों की मरम्मत करने तथा आवश्यक राइजिंग पाइप एवं अन्य स्पेयर पाट्र्स की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकता के अनुरूप अंदरूनी बसाहटों में नए हैंडपंप स्थापित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर आम जनता के लिए पर्याप्त संख्या में प्याऊ खोलने के निर्देश दिए, ताकि गर्मी में लोगों को सहज रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके। बैठक में कमिश्नर ने बस्तर हेरिटेज मैराथन आयोजन में अधिकाधिक धावकों को शामिल करने हेतु ज्यादा से ज्यादा पंजीयन करवाने पर बल देते हुए स्थानीय खेल संघों और संगठनों से समन्वय किए जाने कहा।

कमिश्नर ने कहा कि सभी संभाग स्तरीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर मॉनिटरिंग करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करें। साथ ही मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों की मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने बैठक के दौरान राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए रिकार्ड रूम को निर्वाचन की स्ट्रांग रूम की तरह बनाने पर जोर देते हुए कहा कि अभिलेख डिजिटाइजेशन सहित स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखकर नियमित तौर पर दवाई का छिड़काव करें और अग्निशमन यंत्र की अनिवार्य रूप से व्यवस्था करें। रिकार्ड रूम के विद्युत कट-आउट बाहर लगे होने चाहिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण पर भी विशेष जोर दिया। कमिश्नर ने वनाधिकार पत्रों के नामांतरण-बंटवारा प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत किए जाने कहा। वहीं राजस्व अभिलेखों और वनाधिकार पत्रों के अभिलेखों को रिकॉर्ड रूम में जमा करने की कार्यवाही में अद्यतन प्रगति लाने के निर्देश दिए।



### मोतियाबिंद जांच एवं उपचार पर बल

कमिश्नर ने मोतियाबिंद जांच एवं उपचार पर जोर देते हुए दोनों आंख में मोतियाबिंद पीड़ितों का पहले ऑपरेशन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित एसओपी के अनुसार ऑपरेशन थियेटर की उपलब्धता के आधार पर ही जिला अस्पताल में ऑपरेशन किया जाए या फिर मेडिकल कॉलेज जगदलपुर एवं कांकेर तथा महारानी अस्पताल के अम्बक नेत्र चिकित्सालय में भेजकर पीड़ितों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग से दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपकरण प्रदाय करने के लिए संवेदनशीलता के साथ पहल किए जाने के निर्देश दिए।

### निर्माण कार्यों पर करें फोकस

कमिश्नर ने लोक निर्माण, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कम्पनी, जल जीवन मिशन सहित राष्ट्रीय राजमार्ग और क्रेडा के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि वर्किंग सीजन में निर्माण कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर उन्हें द्रुत गति चलाए जाने कहा। कमिश्नर ने स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र भवनों में विद्युत कनेक्शन प्रदान करने कहा। वहीं सिंचाई पम्पों के विद्युतीकरण सहित अंदरूनी ईलाके के मजरा-टोला विद्युतीकरण को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

## बस्तर में पेसा कानून लागू है इसलिए ग्राम सभा सर्वोच्च : नवनीत चांद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस ने कहा है कि बस्तर के जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा पर आदिवासी अधिकारों की रक्षा का प्रश्न है।

- मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

जारी विज्ञप्ति में कहा है कि अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा सर्वोच्च है। बस्तर की भूमि केवल खनिज भंडार नहीं है यह आदिवासी समाज की संस्कृति, पहचान और जीवन का आधार है।

संविधान की पाँचवीं अनुसूची पेसा अधिनियम, 1996, वन अधिकार अधिनियम 2006 में स्पष्ट हैं कि बिना ग्राम सभा की सहमति के कोई भी कार्य वैध नहीं हो सकती।

बस्तर संभाग अध्यक्ष एवं मोर्चा के मुख्य संयोजक नवनीत चांद, संभागीय महामंत्री रामनाथ नेगी, दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष रेमन मरकामी, हिड़मा पोडियाम, खुशुर्राम मौर्य, रमेश मांडवी, संतोष सिंह, साइबो सोढ़ी, चैतराम सोढ़ी, हुरा कुंजाम, कन्हैया लाल यादव, जयपाल यादव, बबलू कार्ति, प्रिया तामों , शांति मांडवी, शांति सोढ़ी, लक्ष्मी कवासी समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बस्तर में सजेगा खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का भव्य मंच, देशभर से जुटेंगे 1150 खिलाड़ी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के प्रथम संस्करण का आयोजन 25 मार्च से 6 अप्रैल तक प्रदेश में किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन की कड़ियों को जोड़ते हुए बस्तर जिले के जगदलपुर स्थित धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में 30 मार्च से 2 अप्रैल के बीच एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का शानदार संगम देखने को मिलेगा। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित स्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए देश के कोने-कोने से लगभग 1150 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर और तकनीकी विशेषज्ञ जगदलपुर पहुंचेंगे, जिनका आगमन 28 मार्च से शुरू हो जाएगा।

## हाईकोर्ट की खंडपीठ स्थापित करने के लिए संघर्ष होगा तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




जिला अधिवक्ता संघ की गुरुवार को हुई आम सभा में संघ से जुड़े सदस्यों के हित में कई फैसले लिए गए। अध्यक्ष विक्रमादित्य झा ने बताया सभा ने एक राय से निर्णय लिया कि छग हाईकोर्ट की खंडपीठ बस्तर में शुरू करवाने 2011 से चले आ रहे प्रयासों को अमली जामा

- सभी जिलों के अधिवक्ता संघ और अन्य संगठनों की रहेगी भागीदारी : झा

पहनाने कोशिश तेज होगी। इस बारे में इसी 25 मार्च को सभी सामाजिक और जागरुक संघठनों को मिलाकर संघर्ष समिति का गठन किया जाएगा। संघर्ष बस्तर संभाग के सभी जिलों के अधिवक्ता संघों के प्रतिनिधि एवं बस्तर संभाग के विभिन्न संस्था, संगठनों व सभी समाज शामिल किए जाएंगे।

उन्होंने बताया प्रतिमाह सदस्यता शुल्क 50 से बढ़ाकर 100 कर दिया गया है। 6 माह तक लगातार शुल्क चुकाने में जानबूझ कर चूक करने पर नाम राज्य विधिज्ञ परिषद से हटाने की अनुशंसा जिला अधिवक्ता संघ करेगा। इसके साथ ही संघ के किसी सदस्य की आकस्मिक मौत पर दी जाने वाली सहायता राशि 30 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रु. कर दी गई है। इस मद में सीनियर अधिवक्ता अशफाक अहमद ने 51 हजार अध्यक्ष झा ने 50 हजार, अधिवक्ता लिखेश्वर जोशी और संतोष जैन ने 21-21 हजार रुपए देने की घोषणा की।

लिखेश्वर जोशी ने जुनियर अधिवक्ता जो कानूनी नौकरियां पाने की कोशिश में जुटे हैं उनके लिए किताबों का सेट भेंट किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में पीएससी परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए भी ग्रंथालय में पुस्तकों की व्यवस्था करेंगे। आमसभा के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक राय ने कहा प्रथम तल में स्थित ग्रंथालय में वृद्ध अधिवक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसके समाधान हेतु ग्रंथालय को भूतल पर तथा अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था प्रथम तल पर किए जाने की बात कही। इस पर अधिकांश अधिवक्ताओं ने सहमति जताई।

### आज होंगे 31 साल पूरे

20 मार्च को नए जिला न्यायालय भवन में कामकाज शुरू हुए 31 साल पूरे हो जाएंगे। 1995 की 20 मार्च को अविभाजित मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस यूएल भट्ट ने इसका लोकार्पण किया था।

## आज ही के दिन मिला था ध्वज और निशान : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सी.आर.पी.एफ. के 227 बटालियन ने मुख्यालय तोंगपाल जिला सुकमा के संवेदनशील नक्सल क्षेत्र में गर्व और उत्साह के साथ 87वीं सी.आर.पी.एफ दिवस मनाया। इस अवसर पर बल के वीर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि सभा, खेलकूद प्रतियोगिता एवं बल के

- बल के शहीदों को श्रद्धांजलि देकर मनाया सीआरपीएफ डे

परम्परा के अनुरूप बड़ा-खाना का आयोजन किया गया। जिसमें बल के सभी अधिकारियों एवं जवानों ने हिस्सा लिया।

समारोह का प्रारम्भ संजीव सिंह द्वितीय कमान अधिकारी कार्यवाहक कमाण्डेन्ट-227 बटा. द्वारा शहीदों को सलामी व शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि स्वरुप पुष्पचक्र अर्पित कर किया गया । 1 मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

इसके उपरांत सुसज्जित गार्ड के द्वारा मुख्य अतिथि संजीव सिंह को



क्वार्टर गार्ड पर सलामी प्रदान की गई। इस अवसर पर संजीव सिंह मंच से संबोधित करते हुए अवगत कराया कि 1950 को आज ही के दिन भारत के राष्ट्रपति द्वारा सीआरपीएफ को उसका ध्वज, निशान प्रदान किया गया।

यही वह ऐतिहासिक तिथि है जिसे हम आज सीआरपीएफ दिवस के रूप में मनाते हैं। यह प्रेसीडेंटल कॉलर राष्ट्रपति द्वारा किसी भी सैन्य इकाई, प्रशिक्षण संस्थान तथा अर्धसैनिक तथा सशस्त्र बलों को असाधारण सेवा, परिचालन उत्कृष्ठता और राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। भारत की स्वतंत्रता के उपरान्त सीआरपीएफ गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला सबसे पहला ऐसा केंद्रीय सशस्त्र बल है जिसे यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि यह ध्वज, निशान किसी भी सशस्त्र बल को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान होता हैं। यह प्रमाण है कि सीआरपीएफ ने युद्ध और शांति दोनो में राष्ट्र की असाधारण सेवा की हैं। मुख्य अतिथि ने बल के इतिहास पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कहा कि 1939 में नीमच में इस बल की स्थापना क्राउन रिप्रेजेंटेटिव्स पुलिस फोर्स के रूप में हुई थी तथा स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस बल के लिए एक बहुआयामी भूमिका की कल्पना की जो नव स्वतंत्र भारत की बदलती जरूरतों के अनुरूप हो तथा 1949 में संसद के एक अधिनियम द्वारा इस बल का नाम बदलकर सीआरपीएफ रखा गया । इसे भारत सरकार के केंद्रीय सशस्त्र बल के रूप में पुनर्स्थापित किया गया।

सरदार पटेल ने सीआरपीएफ को केवल एक केंद्रीय बल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता का स्तंभ माना। उन्होंने इसे आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने, रियासतों के एकीकरण में सहयोग, देश के संवेदनशील क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था और भारतीय लोकतंत्र की रक्षा करने के उद्देश्यों के लिए गठित किया।

उन्होंने बल के कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को सी.आर.पी.एफ. दिवस की बधाई देते उन माताओं, पत्नियों, बच्चों और परिवारजनों के त्याग तथा समर्पण को भी सलाम किया जो घर में रहकर वह मौन बलिदान देते हैं जो दिखता नहीं, लेकिन महसूस होता है । जिसके कारण हमारे जवान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में अपना पूर्ण योगदान दे सकते है। इस अवसर पर शशि कान्त राय उप कमाण्डेन्ट, कमलेश कुमार साहू सहायक कमाण्डेन्ट व बड़ी संख्या में अधीनस्थ अधिकारियो एवं जवान उपस्थित थे।

सीआरपीएफ के 460 वीर जवानों ने दी शहादत मुख्य अतिथि ने छत्तीसगढ़ के नक्सली ग्रस्त क्षेत्रों में जिसमें मुख्य रूप से बस्तर शामिल है, को नक्सली आतंकवाद से मुक्त करने में अपने प्राणों की आहुति दी है। गौरतलब है कि भारत सरकार ने देश से नक्सलवाद के समूल उन्मूलन हेतु 31 मार्च 2026 की डेडलाइन नियुक्त की है जिसमें बल के जवान तथा कार्मिक बढ़-कर कर अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। बस्तर में 460 वीर जवानों ने शहादत दी है।

## जलकर बकायादारों को राहत, अधिभार में 100 प्रतिशत छूट का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम की सामान्य सभा में जलकर बकायादारों को बड़ी राहत प्रदान की गई है।

उपभोक्ता जिन्होंने पिछले दो वर्ष या उससे अधिक समय से जलकर जमा नहीं किया है उन्हें 30

- 30 अप्रैल तक मिलेगा अवसर, मूल राशि जमा कर खत्म करें बकाया

अप्रैल तक विशेष अवसर प्रदान किया गया है। इस अवधि में बकायेदार अपना बकाया जलकर जमा कर सकते हैं।

योजना के अंतर्गत एकमुश्त समाधान योजना लागू की गई है, जिसके तहत बकाया जलकर पर लगाए गए अधिभार में 100 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। इसका अर्थ यह है कि उपभोक्ता केवल मूल राशि का भुगतान कर अपना पूरा बकाया समाप्त कर सकते हैं।

महापौर संजय पाण्डे ने बताया कि इस विषय पर सदन में गहन विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी बकायेदारों से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए शीघ्र ही अपना बकाया जमा करें।

नगर निगम जलकार्य सभापति सुरेश गुप्ता ने कहा कि यह योजना नागरिकों के लिए एक विशेष राहत का अवसर है। निगम द्वारा बकायेदारों की सुविधा के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति भी की गई है, जिनसे संपर्क कर उपभोक्ता अपने बकाया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और भुगतान प्रक्रिया में सहायता ले सकते हैं।

## भाजपा संगठन विस्तार को नई धार, पांच मोर्चा के मण्डल अध्यक्षों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने बस्तर जिले के सभी तेरह मण्डलों में संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पिछड़ा वर्ग मोर्चा, किसान मोर्चा,अजजा

- नवनियुक्त पदाधिकारियों को सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान

मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के मण्डल अध्यक्षों की घोषणा की है। इन नियुक्तियों के माध्यम से पार्टी ने जमीनी स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने का स्पष्ट संदेश दिया है।



जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने सभी नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं तथा संगठन को बूथ स्तर तक सुदृढ़ बनाएं। घोषित सूची के अनुसार सभी मण्डलों में विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी गई है,जिससे हर वर्ग और क्षेत्र में संगठन की पहुंच सुनिश्चित हो सके। यह निर्णय आगामी समय में पार्टी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भाजपा द्वारा पिछड़ा वर्ग मोर्चा,किसान मोर्चा,अजजा मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा में व्यापक स्तर पर मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इन नियुक्तियों के माध्यम से पार्टी ने समाज के विभिन्न वर्गों को संगठन से जोड़ने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। प्रत्येक मण्डल में स्थानीय नेतृत्व को जिम्मेदारी देकर संगठन की जड़ों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### संगठन को मिलेगी नई गति

जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन के कार्यों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करें। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाकर ही संगठन को सशक्त बनाया जा सकता है। यह नियुक्तियां केवल जिम्मेदारी नहीं,बल्कि संगठन के विस्तार और मजबूती का महत्वपूर्ण अवसर हैं,जिसे पूरी निष्ठा के साथ निभाना होगा।

